**परीक्षा का नाम (Exam Name):** UPSC IAS PRE 2011 आईएएस (प्री)

**विषय (Subject) :** सामान्य अध्ययन परीक्षा पेपर -1 General Studies (GS Paper - 1)

**साल (Year):** 2011

**माध्यम (Medium):** Hindi

**1. केंद्रीय बजट 2011-12 में जैव-मूल ऐस्फाल्ट (बायोऐस्फाल्ट) पर मूल सीमाशुल्क की पूरी छूट प्रदान की गई है। इस पदार्थ का क्या महत्व है?**

1- पारंपरिक ऐस्फाल्ट के विपरीत, बायोऐस्फाल्ट जीवाश्म ईंधनों पर नहीं होता।
2- बायोऐस्फाल्ट अनवीकरणीय (नॉन-रिन्यूवेबल) साधनों से निर्मित हो सकता है।
3- बायोऐस्फाल्ट जैव अपशिष्ट पदार्थों से निर्मित हो सकता है।
4- बायोऐस्फाल्ट से सड़कों की ऊपरी सतह पारिस्थितिकी के अनुकूल है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**2. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

1- कार्बन डाइऑक्साइड
2- नाइट्रोजन के ऑक्साइड
3- सल्फर के ऑक्साइड

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से उत्सर्जन उष्मीय शक्ति सयंत्रें में कोयला दहन से उत्सर्जित होता है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**3. दूरसंचार प्रसारण हेतु प्रयुक्त उपग्रहों को भू-अप्रगामी कक्षा में रखा जाता है। एक उपग्रह ऐसी कक्षा में तब होता है:**

1- कक्षा भू-तुल्यकालिक होती है।
2- कक्षा वृत्ताकार होती है।
3- कक्षा 22,236 किमी- की तुंगता पर होती है।

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**4. हाल के वर्षों में भारत निरंतर और उच्च खाद्य स्फीति से गुजरा है। इसका क्या कारण हो सकते हैं?**

1- उत्तरोत्तर वाणिज्यिक फसलों की खेती में प्रयुक्त होने के कारण खाद्यान्नों का कृषि क्षेत्र विगत पांच वर्षों में लगातार घटते हुए लगभग 30 प्रतिशत घट गया है।
2- बढ़ी हुई आय के कारण लोगों के उपभोग प्रतिरूप में महत्वपूर्ण परिवर्तत आए हैं।
3- आहार की आपूर्ति श्रृंखला में कई संरचनात्मक अवरोध हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**5. वर्तमान में वैज्ञानिक किसी गुणसूत्र में जीन- इकाइयों का विन्यास अथवा उनको सापेक्षिक स्थिति अथवा डी-एन-ए-अनुक्रमों को निर्धारित कर सकते है। यह ज्ञान हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी है?**

1- उसकी मदद से पशुधन को वंशावली जानी जा सकती हैं।
2- उसकीं मदद से सभी मानव रोगों के कारण ज्ञात हो सकते हैं।
3- उसकी मदद से पशुओं को रोग-सह नस्लें विकसित को जा सकती हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**6. आर्थिक क्रियाकलापों के संदर्भ में ग्प्ट राष्ट्रमण्डल खेलों को देखने के लिए विदेशी नागरिकों का भारत में आगमन**

(a) निर्यात था
(b) आयात था
(c) उत्पादन था
(d) उपभोग था

**7. सूक्ष्मजैविक ईंधन कोशिकाएं (माइक्रोबियल फ्रयूल सैल) ऊर्जा का धारणीय (सस्टैनेबल) स्रोत समझी जाती हैं। क्यों?**

1- ये जीवित जीवों को उत्प्रेरक के रूप में प्रयुक्त कर कुछ सबस्ट्रेटों से विद्युतीय उत्पादन कर सकती हैं।
2- ये विविध प्रकार के अजैव पदार्थ सबस्ट्रेट के रूप में प्रयुक्त करती हैं।
3- ये जल का शोधन और विद्युत उत्पादन करने के लिए अपशिष्ट जल शोधन संयंत्रें में स्थापित की जा सकती हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन फ्वित्तीय उत्प्रेरकय् की समुचित व्याख्या करता है?**

(a) यह सरकार द्वारा उत्पादन क्षेत्र में किया गया वृहद् निवेश है जिसका लक्ष्य माल की आपूर्ति कर तीव्र आर्थिक विकास के कारण बढ़ी हुई मांग को पूरा करना है
(b) यह सरकार की गहन निश्चयात्मक कार्यवाही है जिसका लक्ष्य देश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।
(c) यह सरकार द्वारा वित्तीय संस्थानों पर की गई गहन कार्यवाही है जिसका लक्ष्य कृषि तथा सहबद्ध क्षेत्रें को ऋण वितरित कराना है जिससे वृहत्तर खाद्य उत्पादन को प्रोत्साहन मिल सके और खाद्य स्फीति पर अंकुश लग सके
(d) यह सरकार की चरम निश्चयात्मक कार्यवाही है जिसका लक्ष्य वित्तीय समावेशन नीति का अनुसरण करना है।

**9. अंटार्कटिक क्षेत्र में ओजोन छिद्र का बनना चिंता का विषय है। इस छिद्र के बनने का संभावित कारण क्या है?**

(a) विशिष्ट क्षोभमंडलीय विक्षोभ की उपस्थिति तथा क्लोरोफ्रलोरोकार्बनों का अंतर्वाह
(b) विशिष्ट ध्रुवीय वाताग्र तथा समतापमंडलीय बादलों की उपस्थिति तथा क्लोरोफ्रलोरो-कार्बनों का अंतर्वाह
(c) ध्रुवीय वाताग्र तथा समतापमंडलीय बादलों की अनुपस्थिति तथा मेथेन और क्लोरोफ्रलोकार्बनों का अंतर्वाह
(d) वैश्विक तापन से ध्रुवीय प्रदेश में हुई तापमान वृद्धि

**10. निम्नलिखित कार्यवाहियों पर विचार करें जो सरकार द्वारा लिए जा सकते है:**

1- घरेलू मुद्रा का अवमूल्यन
2- निर्यातों को मिलने वाली आर्थिक सहायता में कटौती
3- उन उपर्युक्त नीतियों को लागू करना जिससे देश में अधिक थ्क्प् आए तथा थ्प्प् से अधिक निधि आए

**उपर्युक्त में से कौन-सी क्रिया/क्रियाए चालू खाते के घाटे को घटाने में सहायक साबित हो सकती है/हैं?**

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1 और 3

**11. संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम, 1992, जिसका लक्ष्य देश में पंचायती राज संस्थापनों को प्रोत्साहित करना है, निम्नलिखित में से किस/किन चीजों की व्यवस्था करता है?**

1- जिला योजना समितियों का गठन करने की
2- राज्य निर्वाचन आयोगों द्वारा सभी पंचायतों का चुनाव करने की
3- राज्य वित्त आयोगों की स्थापना करने की

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**12. दो महत्वपूर्ण नदियां- जिनमें से एक का स्रोत झारखंड में है (और जो उड़ीशा में दूसरे नाम से जानी जाती है) तथा दूसरी जिसका स्रोत उड़ीशा में है-समुद्र में प्रवाह करने से पूर्व एक ऐसे स्थान पर संगम करती हैं जो बंगाल की खाड़ी से कुछ ही दूर है। यह वन्यजीवन तथा जैवविविधता का प्रमुख स्थल है और सुरक्षित क्षेत्र है। निम्नलिखित में वह स्थाल कौन-सा है?**

(a) भितरकनिका
(b) चांदीपुर-ऑन-सी
(c) गोपालपुर-ऑन-सी
(d) सिमलीपाल

**13. स्फीति दर में होने वाली तीव्र वृद्धि का आरोप्य कभी-कभी फ्आधार प्रभावय् (ड्ढंेम मििमबज) पर लगाया जाता है। यह फ्आधार प्रभावय् क्या है?**

(a) यह फसलों के खराब होने से आपूर्ति में उत्पन्न उग्र अभाव का प्रभाव है
(b) यह तीव्र आर्थिक विकास के कारण तेजी से बढ़ रही मांग का प्रभाव है
(c) यह विगत वर्ष की कीमतों का स्फीति दर की गणना पर आया प्रभाय है
(d) इस संदर्भ में उपर्युक्त (a) (b) तथा (c) कथनों में से कोई भी सही नहीं है।

**14. भारत की गिनती "जनांकिकीय लाभांश" (डेमोग्राफिक डिविडेंड) वाले देश के रूप में की जाती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि**

(a) यहां 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है
(b) यहां 15-64 वर्ष आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है
(c) यहां 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है
(d) यहां की कुल जनसंख्या अधिक है।

**15. "कार्बन क्रेडिट" के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) कार्बन क्रेडिट प्रणाली क्योतो प्रोटोकोल के संयोजन में सम्पुष्ट की गई थी।
(b) कार्बन क्रेडिट उन देशों या समूहों को प्रदत्त की जाती है जो ग्रीन-हाउस गैसों का उत्सर्जन घटाकर उसे उत्सर्जन अभ्यंश के नीचे ला चुके होते हैं
(c) कार्बन क्रेडिट का लक्ष्य कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाना है
(d) कार्बन क्रेडिट का क्रय-विक्रय संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के द्वारा समय-समय पर नियत मूल्यों के आधार पर किया जाता है।

**16. निम्नलिखित में से कौन-सी "मूल्य आधारित कर" (वैल्यू ऐडेड टैक्स) की विशेषता नहीं है?**

(a) यह बहु-बिन्दु लक्ष्य आधारित कर (टैक्सेशन) प्रणाली है
(b) यह उत्पादन/वितरण श्रृंखला में लेनदेन के हर चरण में हुए मूल्य-संवर्धन पर लगाया गया कर (टैक्स) है
(c) यह वस्तुओं तथा सेवाओं पर उपभोग के अंतिम चरण में लगाया गया कर (टैक्स) है जिसका वहन अंततः उपभोक्ताओं को करना पड़ता है
(d) यह मूलभूत रूप से केंद्र सरकार का विषय है और राज्य सरकारों का दायित्व इसे सफलता के साथ लागू करने तक सीमित है

**17. "बंद अर्थव्यवस्था" वह अर्थव्यवस्था है जिसमें**

(a) मुद्रा पूर्ति पूर्णतः नियंत्रित होती है
(b) घाटे की वित्त व्यवस्था होती है
(c) केवल निर्यात होती है।
(d) न तो निर्यात, न ही आयाता होता है

**18. जब किसी वृक्ष की छाल, वृक्ष के आधार पर पास से गोलाकार चारों तरफ से हटा दी जाती है, तो यह वृक्ष धीरे-धीरे सूख कर मर जाता है, क्योंकि**

(a) मृदा से जल वायव अंगों में नहीं पहुच पाता
(b) जड़ें ऊर्जा से वंचित रह जाती हैं
(c) वृक्ष मृदा-जीवाणुओं से संक्रमित हो जाता है
(d) जड़ों को श्वसन हेतु ऑक्सीजन नहीं प्राप्त हो पाता

**19. "न्यू स्टार्ट संधि" (New START treaty) समाचारों में रही थी। यह संधि क्या है?**

(a) यह संयुक्त राज्य अमेरिका तथा रूसी संघ के बीच नाभिकीय शस्त्रें पर कटौती करने की द्विपक्षीय सामरिक महत्व की संधि है
(b) यह पूर्वी एशिया शीर्ष सम्मेलन के सदस्यों के बीच बहुपक्षीय ऊर्जा सुरक्षा सहयोग संधि है
(c) यह रूसी संघ तथा यूरोपीय संघ के बीच ऊर्जा सुरक्षा सहयोग संधि है
(d) यह फ्ब्रिक्सय् (BRICS) देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए की गई बहुपक्षीय सहयोग संधि है

**20. निम्नलिखित में से तीन मानकों के आधार पर पश्चिमी घाट-श्रीलंका एंव इंडो-बर्मा क्षेत्रें को जैवविविधता के प्रखर स्थलों (हॉटस्पॉट्स) के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है:**

1- जाति बहुतायता (स्पीशीस रिचनेस)
2- वानस्पतिक घनत्व
3- स्थानिकता
4- मानवजाति-वानस्पतिक महत्व
5- आशंका बोध
6- वपस्पति एवं प्राणीजाति का ऊष्ण व आर्द्र परिस्थितियों के प्रति अनुकूलन

**उपर्युक्त में से कौन-से तीन मानक इस संदर्भ में सही हैं?**

(a) 1, 2 और 6
(b) 2, 4 और 6
(c) 1, 3 और 5
(d) 3, 4 और 6

**21. हाल के वर्षों में मानव गतिविधियों के कारण वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता में बढ़ोतरी हुई है, किंतु उसमें से बहुत-सी वायुमंडल के निचले भाग में नहीं रहती, क्योंकि:**

1- वह बाह्य समतापमंडल में पलायन कर जाती है।
2- समुद्रों में पादपप्लवक प्रकाशसंश्लेषण कर लेते हैं।
3- ध्रुवीय बर्फ-छत्रक वायु का प्रग्रहण कर लेते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 और 2
(b) केवल 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

**22. पारितंत्र उत्पादकता के संदर्भ में समुद्री उत्प्रवाह (अपवेलिंग) क्षेत्र इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये निम्नलिखित माध्यम/माध्यमों से समुद्री उत्पादकता बढाते हैं**

1- अपघटक सूक्ष्मजीवियों को सतह पर लाकर।
2- पोषकों को सतह पर लाकर।
3- अधस्थली जीवों को सतह पर लाकर।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 और 2
(b) केवल 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

**23. यदि उष्णकटिबंधीय वर्षा-वन काट दिया जाए, तो यह उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन की तुलना में शीघ्र पुनर्योजित नहीं हो पाता। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि**

(a) वर्षा-वन की मृदा में पोषकों का अभाव होता है
(b) वर्षा-वन में वृक्षों में प्रवध्यों की जीवनक्षमता दुर्बल होती है।
(c) वर्षा-वन की जातियां धीमी गति से बढ़ती हैं
(d) विदेशज जातियां वर्षा-वन की उर्वर मृदा पर अतिक्रमण कर जाती हैं

**24. हिमालय पर्वतप्रदेश जाति-विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। इस संवृद्धि के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कारण सबसे उपर्युक्त हैं?**

(a) यहां अधिक वर्षा होती है जो प्रचुर वनस्पति वृद्धि को बढ़ावा देती है
(b) यह विभिन्न जीव-भौगोलिक क्षेत्रें का संगम है
(c) इस क्षेत्र में विदेशज तथा अतिक्रामक जातियां प्रवेश नहीं कराई गई हैं
(d) यहां मनुष्यों का कम हस्तक्षेप है

**25. भारत के संदर्भ में निम्नलिखित केंद्रीय अधिनियमों पर विचार कीजिए:**

1- आयात एवं निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947
2- खनन एवं खनिज विकास (नियमन) अधिनियम, 1957
3- सीमाशुल्क अधिशुल्क, 1962
4- भारतीय वन अधिनियम, 1927

**उपर्युक्त में से कौन-से अधिनियम देश में जीव-विविधता संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं अथवा उस पर असर डालते हैं**

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4
(d) उपर्युक्त अधिनियमों में से कोई भी नहीं

**26. कार्ल मार्क्स ने वर्ग संघर्ष की प्रक्रिया को निम्नलिखित में से किस सिद्धांत की मदद से समझाया है?**

(a) आनुभविक उदारवाद
(b) अस्तित्ववाद
(c) डार्विन का विकासवाद
(d) द्वंद्वात्मक भौतिकवाद

**27. पृथ्वी के वायुमंडल में आयनमंडल कहलाने वाली परत रेडियों संचार को सुसाध्य बनाती है। क्यों?**

1- ओजोन की उपस्थिति रेडियों तरंगों को पृथ्वी की ओर परावर्तित करती है।
2- रेडियों तरंगों की तरंग-दैर्ध्य अति दीर्घ होती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**28. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) तथा संस्थागत विदेशी निवेशक (FII) दोनों ही, किसी देश में निवेश से सम्बद्ध हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन दोनों के बीच की एक महत्वपूर्ण भिन्नता को सबसे अच्छे ढंग से व्यक्त करता है?**

(a) FII बेहतर प्रबंधन कुशलताएं तथा प्रौद्योगिकी अंतरण को लाने में सहायक है, जबकि FDI केवल पूंजी लेकर आता है
(b) FII व्यापक स्तर पर पूंजी उपलब्धता बढ़ाने में सहायक है, जबकि FDI का लक्ष्य केवल विशिष्ट क्षेत्रें तक समिति होता है
(c) FDI केवल द्वितीयक बाजार में चलित होता है, जबकि FII का लक्ष्य प्राथमिक बाजार होता है
(d) FDI की तुलना में FII अधिक स्थायी माना जाता है।

**29. बैंगन की आनुवंशिक अभियांत्रिकी से उसकी एक नई किस्म ठज- बैंगन विकसित की गई है। इसका लक्ष्य**

(a) इसे नाशकजीव-सह बनाना है
(b) इसे अधिक स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाना है
(c) इसे जलाभाव-सह बढ़ाना है
(d) इसकी निधानी आयु बढ़ाना है

**30. "आम आदमी बीमा योजना" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1- इस योजना के अंतर्गत बीमाकृत व्यक्ति भूमिहीन ग्रामीण कुटुम्ब के परिवार का मुखिया अथवा कमाऊ सदस्य होना चाहिए।
2- बीमाकृत व्यक्ति 30 से 65 वर्ष के आयु वर्ग में होना चाहिए।
3- योजना में बीमाकृत व्यक्ति के कक्षा 9 से 12 के बीच पढ़ रहे दो बच्चों तक के लिए निःशुल्क छात्रवृत्ति का प्रावधान है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**31. तेल की वैश्विक कीमतों के संदर्भ में "ब्रेंट कच्चे तेल" (Brent Crude oil) का समाचारों में प्राय: उल्लेख आता है। इस पद का क्या अभिप्राय है?**

1- यह कच्चे तेल का एक प्रमुख अभिप्राय है।
2- यह उत्तरी सागर से प्राप्त किया जाता है।
3- यह सल्फर-मुक्त होता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 2
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**32. एक नाभिकीय रिऐक्टर में भारी जल का क्या कार्य होता है?**

(a) न्यूट्रॉन की गति को कम करना
(b) न्यूट्रॉन की गति को बढ़ाना
(c) रिऐक्टर को ठंडा करना
(d) नाभिकीय क्रिया को रोकना

**33. भारत में किसी धार्मिक सम्प्रदाय/समुदाय को यदि राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यक वर्ग का दर्जा दिया जाता है तो वह किस/किन विशेष लाभ/लाभों का हकदार हो जाता है?**

1- यह सम्प्रदाय/समुदाय विशेष शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और संचालन कर सकता है।
2- भारत के राष्ट्रपति स्वयमेव इस संप्रदाय/समुदाय के एक प्रतिनिधि को लोकसभा में मनोनीत कर देते हैं।
3- यह संप्रदाय/समुदाय प्रदान मंत्री के 15-प्वाइंट कार्यक्रम के लाभ प्राप्त कर सकता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**34. भारत में विकलांग व्यक्तियों (persons with disabilities) की संख्या लाखों में है। वैधानिक स्तर पर उन्हें कौन-कौन से लाभ उपलब्ध हैं?**

1- सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों में 18 वर्ष की आयु तक निःशुल्क शिक्षा।
2- व्यवसाय स्थापित करने के लिए वरीयता से भूमि का आवंटन।
3- सार्वजनिक भवनों में ढाल की उपलब्ध होना।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**35. भारत सरकार मेगा फुड पार्क की अवधारणा को किन-किन उद्देश्यों से प्रोत्साहित कर रही है?**

1- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्तम अवसंरचना सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु।
2- खराब होने वाले पदार्थों का अधिक मात्र में प्रसंस्करण करने और अपव्यय घटाने हेतु।
3- उद्यमियों के लिए उद्गामी और पारिस्थितिकी के अनुकूल आहार प्रसंस्करण प्रौद्योगिकीया उपलब्ध कराने हेतु।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**36. भारत की संचित निधि से निधि निकालने के लिए निम्नलिखित में से किसका अनुमोदन अनिवार्य है?**

(a) भारत के राष्ट्रपति
(b) भारत की संसद
(c) भारत के प्रधान मंत्री
(d) संघीय वित्त मंत्री

**37. करों और सरकारी कामकाज के निर्वाह में हुई अन्य प्राप्तियों से संघीय सरकार को प्राप्त हुआ समूचा राजस्व जमा होता है।**

(a) भारत की आकस्मिकता निधि में
(b) लोक लेखे में
(c) भारत की संचित निधि में
(d) निक्षेप तथा अग्रिम निधि में

**38. सूक्ष्म-वित्त (माइक्रोफाइनेंस) निम्न आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए वित्तीय सेवाओ का प्रावधान कराता है। यह सेवाएं उपभोक्ताओं और स्वरोजगार में जुटे व्यक्तियों दोनों को प्रदत्त की जाती हैं। सूक्ष्म-वित्त के अंतर्गत जो सेवा/सेवाएं उपलब्ध की जाती है/हैं, वह है/वे हैं**

1- ऋण सुविधाएं
2- बचत सुविधाएं
3- बीमा सुविधाएं
4- निधि अंतरण सुविधाएं

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**39. भू-युद्धनीति की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र होने के नाते दक्षिणपूर्वी एशिया लंबे अंतराल और समय से वैश्विक समुदाय का ध्यान आकर्षित करता आया है। इस वैश्विक संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सी व्याख्या सबसे प्रत्ययकारी है?**

(a) यह द्वितीय विश्व युद्ध का सक्रिय घटनास्थल था
(b) यह एशिया की दो शक्तियों चीन और भारत के बीच स्थित है
(c) यह शीत युद्ध की अवधि में महाशक्तियों के बीच परस्पर मुकाबले की रणभूमि थी
(d) यह प्रशांत महासागर और हिंद महासागर के बीच स्थित है और उसका चरित्र उत्कृष्ट समुद्रवर्ती है

**40. आहार-उत्पादों के विक्रय में जुटी एक कंपनी यह विज्ञापित करती है कि उसके उत्पादो में ट्रांस-वसा (ट्रांसफैट्स) नहीं होती। उसके इस अभियान का उपभोक्ताओं के लिए क्या अभिप्राय है?**

1- कंपनी के आहार उत्पाद हाइड्रोजनीकृत तेलों से नहीं निर्मित किए जाते।
2- कंपनी के आहार उत्पाद पशु उत्पन्न वसा/ तेलों से नहीं निर्मित किए जाते।
3- कंपनी के द्वारा प्रयुक्त तेल संभवतया उपभोक्ताओं के हृद्वाहिका स्वास्थ्य को क्षति नहीं पहुंचाएगा।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**41. निम्नलिखित में से कौन ﬁमहात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियमय् के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने का पात्र है?**

(a) केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति परिवारों के वयस्क सदस्य
(b) गरीबी रेखा से नीचे के (BPL) परिवारों के वयस्क सदस्य
(c) सभी पिछड़े समुदायों के परिवारों के वयस्क सदस्य
(d) किसी भी परिवार के वयस्क सदस्य

**42. भारत की ''पूर्व की ओर देखो'' नीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1- भारत पूर्वी एशियाई मामलों में स्वयं को एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय नायक के रूप में स्थापित करना चाहता है।
2- भारत शीत युद्ध समाप्त होने से उत्पन्न शून्य को भरना चाहता है।
3- भारत अपने दक्षिणपूर्वी तथा पूर्वी एशियाई पड़ोसियों के साथ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंध पुनःस्थापित करना चाहता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**43. यदि वार्षिक संघीय बजट लोकसभा द्वारा पारित नहीं होता, तो**

(a) बजट में संशोधन कर दुबारा पेश किया जाता है।
(b) सुझाव हेतु बजट राज्यसभा को भेज दिया जाता है।
(c) संघीय वित्त मंत्री से त्यागपत्र देने के लिए कहा जाता है।
(d) प्रधान मंत्री अपनी मंत्री परिषद् का त्यागपत्र पेश कर देता है।

**44. भारतीय संविधान के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा मूल कर्तव्य नहीं है?**

(a) लोक चुनावों में मतदान करना
(b) वैज्ञानिक प्रवृत्ति विकसित करना
(c) सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना
(d) संविधान के प्रति निष्ठावान रहना और उसके आदर्शों का सम्मान करना

**45. भारत के वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?**

(a) वह अवसंरचना विकास हेतु विदेशी पूंजी अंतर्प्रवाह प्रोत्साहित करता है
(b) वह सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में समुचित वित्त वितरण को सुगम बनाता है
(c) वह वित्तीय प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है
(d) इस संदर्भ में उपर्युक्त (a) (b) तथा (c) कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**46. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

1- शिक्षा का अधिकार
2- समानता के साथ सार्वजनिक सेवा प्राप्त करने का अधिकार
3- भोजन का अधिकार

**''मानव अधिकारों की व्यापक उद्घोषणा'' के अंतर्गत उपर्युक्त में से कौन-सा/कोन-से अधिकार मानव अधिकार/अधिकारों में आता है/आते हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**47. भारत के समुद्री जल में हानिकारक शैवाल प्रस्फुटन में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त की गई है। इस संवृत्ति का/के क्या कारक तत्व हो सकता है/सकते हैं?**

1- ज्वारनदमुख से पोषकों का प्रसाद
2- मानसून में भूमि से जल-वाह
3- समुद्रों में उत्प्रवाह

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**48. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

1- प्रकाशसंश्लेषण
2- श्वसन
3- जैव पदार्थों का अपक्षय
4- ज्वालामुखी क्रियाएं

**उपर्युक्त में से कौन-सी क्रियाएं पृथ्वी के कार्बन चक्र में कार्बन डाइऑक्साइड जोड़ती हैं?**

(a) केवल 1 और 4
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**49. हाल में संयुक्त राज्य अमेरिका ने "ऑस्ट्रेलिया समूह" तथा "वैसेनार व्यवस्था" के नाम से ज्ञात बहुपक्षीय निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं में भारत के सदस्य बनाए जाने को समर्थन देने का निर्णय लिया है। इन दोनों व्यवस्थाओं के बीच क्या अंतर है?**

1- "ऑस्ट्रेलिया समूह" एक अनौपचारिक व्यवस्था है जिसका लक्ष्य निर्यातक देशों द्वारा रासायनिक तथा जैविक हथियारों के प्रगुणन में सहायक होने के जोखिम को न्यूनीकृत करना है, जबकि "वैसेनार व्यवस्था" OECD के अंतर्गत गठित औपचारिक समूह है जिसके समान लक्ष्य हैं।
2- "ऑस्ट्रेलिया समूह" के सहभागी मुख्यतः एशियाई, अफ्रिकी और उत्तरी अमेरिका के देश हैं, जबकि "वैसेनार व्यवस्था" के सहभागी मुख्यतः यूरोपीय संघ और अमेरिकी महाद्वीपों के देश हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**50. कड़े जाड़े में झील की सतह हिमशीतित हो जाती है, किंतु उसके तल में जल द्रव अवस्था में बना रहता है। यह किस कारण से होता है?**

(a) बर्फ ऊष्मा की कुचालक है
(b) झील की सतह और वायु का तापमान एक-सा होने के कारण ऊष्मा की कोई हानि नहीं होती
(c) जल की सघनता 4ह्ब् पर अधिकतम होती है
(d) इस संदर्भ में उपर्युक्त (a) (b) तथा (c) कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**51. बलुई और लवणीय क्षेत्र एक भारतीय पशु जाति का प्राकृतिक आवास है। उस क्षेत्र में उस पशु के कोई परभक्षी नहीं हैं किंतु आवास ध्वंस होने के कारण उसका अस्तित्व खतरे में है। यह पशु निम्नलिखित में कौन-सा हो सकता है?**

(a) भारतीय वन्य भैंस
(b) भारतीय वन्य गधा
(c) भारतीय वन्य शूकर
(d) भारतीय गजेल (कुरंग)

**52. यह संदेह है कि आस्ट्रेलिया में हाल में आयी बाढ़ ‘‘ला-नीना’’ के कारण आयी थी। ‘‘ला-नीना’’ के कारण आयी थी। ‘‘ला-नीना’’ ‘‘एल-नीनो’’ से कैसे भिन्न है?**

1- ला-नीना विषुवतीय हिंद महासागर में समुद्र के असाधारण रूप से ठंडे तापमान से चरिचित्र होता है, जबकि एल-नीनो विषुवतीय प्रशांत महासागर में समुद्र के असाधारण रूप से गर्म तापमान से चरित्रित होता है।
2- एल-नीनो का भारत की दक्षिण-पश्चिमी मानसून पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, किंतु ला-नीना का मानसूनी जलवायु पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 न और न ही 2

**53. 1793 में लार्ड कार्नवालिस की भू-व्यवस्था प्रणाली लागू होने के बाद कानूनी विवादों की प्रवृत्ति में बढ़ोतरी देखी गई थी। निम्नलिखित प्रावधानों में किस एक को सामान्यतया इसके कारक के रूप में जोड़कर देखा जाता है?**

(a) रैयत की तुलना में जमींदार की स्थिति को अधिक सशक्त बनाना
(b) ईस्ट इंडिया कंपनी को जमींदारों का अधिपति बनाना
(c) न्यायिक पद्धति को अधिक कार्यकुशल बनाना
(d) उपर्युक्त (a) (b) तथा (c) कथनों में से कोई भी सही नहीं है

**54. 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सी एक टिप्पणी सत्य नहीं है?**

(a) यह आंदोलन अहिंसक था
(b) उसका नेतृत्व महात्मा गांधी ने किया था
(c) यह आंदोलन स्वतः प्रवर्तित था
(d) इसने सामान्य श्रमिक वर्ग को आकर्षित नहीं किया था

**55. भारत में 19वीं शताब्दी के जनजातीय विद्रोह के लिए निम्नलिखित में से कौन-से तत्व ने साझा कारण मुहैया किया?**

(a) भू-राजस्व की नई प्रणाली का लागू होना और जनजातीय उत्पादों पर कर का लगाये जाना
(b) जनजातीय क्षेत्रें में विदेशी धर्म प्रचारकों का प्रभाव
(c) जनजातीय क्षेत्रें मे बिचौलियों के रूप में बड़ी संख्या में महाजनों, व्यापारियों और लगान के ठेकेदारों का बढ़ना
(d) जनजातीय समुदायों की प्राचीन भूमिसंबंधी व्यवस्था का संपूर्ण विदारण

**56. भारत ने दक्षिणपूर्वी एशिया के साथ अपने आरंभिक सांस्कृतिक संपर्क तथा व्यापारिक संबंध बंगाल की खाड़ी के पार बना रखे थे। निम्नलिखित में से कौन-सी बंगाल की खाड़ी के इस उत्कृष्ट आरंभिक समुद्री इतिहास की सबसे विश्वसनीय व्याख्या/व्याख्याएं हो सकती है/हैं?**

(a) प्राचीन काल तथा मध्य काल में भारत के पास दूसरों की तुलना में अति उत्तम पोत-निर्माण तकनीकी उपलब्धता थी
(b) इस उद्देश्य के लिए दक्षिण भारतीय शासकों ने व्यापारियोंें, ब्राह्मण पुजारियों और बौद्ध भिक्षुओं को सदा संरक्षण दिया
(c) बंगाल की खाड़ी में चलने वाली मानसूनी हवाओं ने समुद्री यात्रओं को सुगम बना दिया था
(d) इस संबंध में (a) तथा (b) दोनों विश्वसनीय व्याख्याएं हैं

**57. ब्लूटूथ (Bluetooth) तथा वाई-फाई के बीच क्या अंतर है?**

(a) ब्लूटूथ 2-4 GHz रेडियो-आवृत्ति पट्ट प्रयुक्त करता है जबकि वाई-फाई 2-4 GHz अथवा 5 GHz आवृत्ति पट्ट प्रयुक्त कर सकता है।
(b) ब्लूटूथ केवल बेतार स्थानीय क्षेत्रीय जाल (WLAN) प्रयुक्त करता है, जबकि वाई-फाई केवल विस्तृत क्षेत्रीय जाल (WWAN) प्रयुक्त करता है।
(c) जब ब्लूटूथ प्रौद्योगिकी प्रयोग कर रहे दो उपकरणों के बीच सूचना प्रेषित की जाती है, तब दोनों उपकरणों का दृष्टिगत स्तर पर पंक्तिबद्ध होना आवश्यक है,
किंतु जब वाई-फाई प्रौद्योगिकी प्रयोग में लाई जाती है तब दोनों उपकरणों का दृष्टिगत स्तर पर पंक्तिबद्ध होना आवश्यक नहीं है। (d) इस संदर्भ में (a) तथा (b) दोनों कथन सही हैं।

**58. सूक्ष्म-सिंचाई की पद्धति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/ कौन-से कथन सही है/हैं?**

1- मृदा से उर्वरक/पोषक हानि कम की जा सकती है।
2- यह वर्षाधीन खेती की सिंचाई का एकमात्र साधन है।
3- इससे कुछ कृषि क्षेत्रें में भौम जलस्तर को कम होने से रोका जा सकता है।

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**59. भारत में उपनिवेशी शासन काल में ‘‘होम चार्जेज’’ भारत से संपत्ति दोहन का महत्वपूर्ण अंग थे। निम्नलिखित में से कौन-सी निधि/निधियां ‘‘होम-चार्जेज’’ की संघटक थी/थीं?**

1- लंदन में इंडिया आफिस के भरण-पोषण के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली निधि।
2- भारत में कार्यरत अंग्रेज कर्मचारियों के वेतन तथा पेंशन देने हेतु प्रयोग में लाई जाने वाली निधि।
3- भारत के बाहर हुए युद्धों को लड़ने में अंग्रेजों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली निधि।

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**60. खेड़ा के किसानों के पक्ष में महात्मा गांधी के सत्याग्रह संघटित करने का क्या कारण था?**

1- अकाल पड़ने के बावजूद प्रशासन ने भू-राजस्व की उगाही स्थगित नहीं की थी।
2- प्रशासन का यह प्रस्ताव था कि गुजरात में स्थाई बंदोबस्त लागू कर दिया जाये।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**61. जीव-विविधता निम्नलिखित माध्यम/माध्यमों द्वारा मानव अस्तित्व का आधार बनी हुई है?**

1- मृदा निर्माण
2- मृदा अपरदन की रोकथाम
3- अपशिष्ट का पुनः चक्रण
4- सस्य परागण

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4
(d) 1,2, 3 और 4

**62. बाजार में बिकने वाला ऐस्परटेम कृत्रिम मधुरक है। यह ऐमीनो अम्लों से बना होता है और अन्य ऐमीनो अम्लों के समान ही कैलोरी प्रदान करता है। फिर भी यह भोज्य पदार्थों में कम कैलोरी मधुरक के रूप में इस्तेमाल होता है। उसके इस्तेमाल का क्या आधार है?**

(a) ऐस्परटेम सामान्य चीनी जितना ही मीठा होता है, किंतु चीनी की विपरीत यह मानव शरीर में आवश्यक एन्जाइमों के अभाव के कारण शीघ्र ऑक्सीकृत नहीं हो पाता
(b) जब ऐस्परेटेम आहार प्रसंस्करण में प्रयुक्त होता है, तब उसका मीठा स्वाद तो बना रहता है किंतु यह ऑक्सीकरण-प्रतिरोधी हो जाता है।
(c) ऐस्परटेम चीनी जितना ही मीठा होता है, किंतु शरीर में अंतर्गहण होने के बाद यह कुछ ऐसे उपचयजों (मेटाबोलाइट्स) में परिवर्तित हो जाता है जो कोई कैलोरी नहीं देते
(d) ऐस्परेटेम सामान्य चीनी से कई गुना अधिक मीठा होता है, अतः थोड़े से ऐस्परेटेम में बने भोज्य पदार्थ ऑक्सीकृत होने पर कम कैलोरी प्रदान करते हैं।

**63. सन् 1893 में सर विलियन वेडरबर्न तथा डब्लू- एस- कैन ने किस उद्देश्य से इंडियन पार्लियामेंटरी कमेटी की स्थापना की थी?**

(a) भारत में राजनैतिक सुधारों हेतु हाऊस ऑफ कॉमन्स में आंदोलन करने के लिए
(b) भारतीयों के साम्राज्यिक न्यायपालिका में प्रवेश हेतु अभियान करने के लिए
(c) भारतीय स्वतंत्रता पर ब्रिटिश संसद में चर्चा सुगम करने के लिए
(d) ब्रिटिश संसद में विख्यात भारतीयों के प्रवेश हेतु आंदोलन के लिए

**64. सीएफएल (CFL) तथा एलईडी (LED) लैंप में क्या अंतर है?**

1- प्रकाश उत्पन्न करने के लिए सीएफएल पारा-वाष्प और संदीपक का प्रयोग करता है, जबकि एलईडी लैंप अर्द्धचालक पदार्थों का प्रयोग करता है।
2- सीएफएल की औसत जीवन-अवधि एलईडी लैंप से बहुत अधिक होती है।
3- एलईडी लैंप की तुलना में सीएफएल कम ऊर्जा-सक्षम है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**65. हाल में ‘‘आयरजैपर’’ समाचारों में था। यह क्या है?**

(a) यह तेलीय पंक तथा बिखरे हुए तेल के उपचार हेतु पारिस्थितिकी के अनुकूल विकसित प्रौद्योगिकी है
(b) यह समुद्र के भीतर तेल अन्वेषण हेतु विकसित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी है
(c) यह आनुवंशिक इंजीनियरी से निर्मित उच्च मात्र में जैव-ईंधन प्रदान करने वाली अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी है
(d) यह तेल के कुओं में आकस्मिक उपजी लपटों को नियंत्रित करने वाली अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी है।

**66. एक विवाहित दंपत्ति ने एक बालक को गोद लिया। इसके कुछ वर्ष उपरांत उन्हें जुड़वां पुत्र हुए। दंपत्ति में एक का रक्त वर्ग AB पॉलीटिव है और दूसरे का O नेगीटिव है। तीनों पुत्रें में से एक का रक्त वर्ग A पॉलीटिव, दूसरे का B पॉलीटिव, और तीसरे का O पॉलीटिव है। गोद लिये गये पुत्र का रक्त वर्ग कौन-सा है?**

(a) O पॉजीटिव
(b) A पॉजीटिव
(c) B पॉजीटिव
(d) उपलब्ध जानकारी के आधार पर कहा नहीं जा सकता

**67. महात्मा गांधी ने कहा था कि उनकी कुछ सबसे गहन धारणाएं ''ऑनटू दिस लास्ट'' नामक पुस्तक में प्रतिबिंबित होती हैं और इस पुस्तक ने उनके जीवन को बदल डाला। इस पुस्तक का वह संदेश क्या था जिसने महात्मा गांधी को बदल डाला?**

(a) सुशिक्षित व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व है कि वह शोशित तथा निर्धनों का उत्थान करे
(b) व्यक्ति का कल्याण सब के कल्याण में निहित है
(c) उच्च जीवन के लिए ब्रह्मचर्य तथा आध्यात्मिक चिंतन अनिवार्य है
(d) इस संदर्भ में सभी उपर्युक्त (a) (b) तथा (c) कथन सही है।

**68. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के संदर्भ में उषा मेहता की ख्याति**

(a) भारत छोड़ो आंदोलन की वेला में गुप्त कांग्रेस रेडियो चलाने हेतु है
(b) द्वितीय गोल मेज सम्मेलन में सहभागिता हेतु है
(c) आजाद हिंद फौज की एक टुकड़ी का नेतृत्व करने हेतु है
(d) पंडित जवाहरलाल नेहरू की अंतरिम सरकार के गठन में सहायक भूमिका निभाने हेतु है।

**69. ऑप्टिकल डिस्क का नया फॉर्मेट, जो ब्लू-रे डिस्क (BD_ बीडी) के नाम से जाना जाता है, लोकप्रिय हो रहा है। यह परम्परागत डीवीडी (DVD) से किस प्रकार भिन्न है?**

1- डीवीडी मानक परिभाषा विडियो (स्टैंडर्ड डेफिनेशन वीडियो) को समर्थित करता है, जबकि बीडी उच्च विडियो (हाई डेफिनेशन विडियो) को समर्थत करता है।
2- डीवीडी की तुलना में बीडी फॉर्मेट की भंडारण क्षमता कई गुना अधिक है।
3- बीडी की मोटाई 2-4 उउ है, जबकि डीवीडी की मोटाई 1-2 उउ है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**70. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के काल के संदर्भ में नेहरू रिपोर्ट में निम्नलिखित में से किस की/किस-किस की अनुशंसा की गई थी?**

1- भारत के लिए पूर्ण स्वतंत्रता
2- अल्पसंख्यकों हेतु आरक्षित स्थानों के लिए संयुक्त निर्वाचन क्षेत्र
3- संविधान में भारतीयों के लिए मौलिक अधिकारों का प्रावधान

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**71. निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य में ऐसी सर्वोपयुक्त जलवायु-विषयक स्थितियां उपलब्ध हैं जिसमें न्यूनतम लागत से आर्किड की विविध किस्मों की खेती हो सकती है और वह इस क्षेत्र में निर्यात-उन्मुख उद्योग विकसित कर सकता है?**

(a) आंध्र प्रदेश
(b) अरुणाचल प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश
(d) उत्तर प्रदेश

**72. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल वनस्पति सरंक्षण हेतु स्वस्थान (पद-ॊपजन) पद्धति नहीं है?**

(a) जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र (बायोस्फीयर रिजर्व)
(b) वानस्पतिक उद्यान
(c) राष्ट्रीय पार्क
(d) वन्यप्राणी अभयारण्य

**73. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए: भारत में महानगर योजना समिति**

1- भारतीय संविधान के प्रावधानों के अंतर्गत गठित होती है।
2- उस महानगरीय क्षेत्र के लिए विकास योजना प्रारूप तैयार करती है।
3- उस महानगरीय क्षेत्र में सरकार की प्रायोजित योजनाओं को लागू करने का पूर्ण दायित्व पूरा करती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**74. लेखानुमोदन और अंतिम बजट के बीच क्या अंतर है?**

1- स्थाई सरकार लेखानुमोदन के प्रावधान का प्रयोग करती है, जबकि कार्यवाहक सरकार अंतरिम बजट के प्रावधान का प्रयोग करती है।
2- लेखानुमोदन सरकार के बजट के व्यय पक्ष मात्र से संबद्ध होता है, जबकि अंतरिम बजट में व्यय तथा आवती दोनों सम्मिलित होते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**75. अंतरर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) यह किसी भी देश को ऋण प्रदान कर सकता है।
(b) यह केवल विकसित देशों को ऋण प्रदान कर सकता है।
(c) यह केवल सदस्य देशों को ऋण प्रदान करता है।
(d) यह किसी देश के केंद्रीय बैंक को ऋण प्रदान कर सकता है।

**76. 2004 की सुनामी ने लोगों को यह महसूस करा दिया कि गरान (मैंग्रोव) तटीय आपदाओं के विरुद्ध विश्वसनीय सुरक्षा बाड़े का कार्य कर सकते हैं। गरान सुरक्षा बाड़े के रूप में किस प्रकार कार्य करते हैं?**

(a) गरान अनूप होने से समुद्र और मानव बस्तियों के बीच एक ऐसा बड़ा क्षेत्र खड़ा हो जाता है जहां लोग न तो रहते हैं न जाते हैं।
(b) गरान भोजन और औषधि दोनों प्रदान करते हैं जिनकी प्राकृतिक आपदा के बाद लोगों को जरूरत पड़ती है।
(c) गरान के वृक्ष घने वितान के लंबे वृक्ष होते हैं जो चक्रवात और सुनामी के समय उत्तम सुरक्षा प्रदान करते हैं।
(d) गरान के वृक्ष अपनी सघन जड़ों के कारण तूफान और ज्वारभाटे से नहीं उखड़ते

**77. जैन दर्शन के अनुसार सृष्टि की रचना एवं पालन-पोषण**

(a) सार्वभौमिक विधान से हुआ है
(b) सार्वभौमिक सत्य से हुआ है
(c) सार्वभौमिक आस्था से हुआ है
(d) सार्वभौमिक आत्मा से हुआ है

**78. मृदा का लवणीभवन मृदा में एकत्रित सिंचित जल के वाष्पीकृत होने से पीछे छूटे नमक और खनिजों से उत्पन्न होता है। सिंचित भूमि पर लवणीभवन का क्या प्रभाव पड़ता है?**

(a) यह फसलों के उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि लाता है
(b) यह कुछ मृदाओं को अपारगम्य बना देता है
(c) यह भौम जलस्तर को ऊपर ले आता है
(d) यह मृदा के वायु अवकाशों को जल से भर देता है

**79. प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधन अंतरराष्ट्रीय संरक्षण संघ (IUCN) द्वारा प्रकाशित ''रेड डाटा बुक्स'' में निम्नलिखित सूची/सूचियां सम्मिलित की जाती है/हैंः:**

1- जीवविविधता के प्रखर स्थलों (हॉट-स्पाट्स) में विद्यमान स्थानिक पौधों और पशु जातियों की सूची
2- संकटग्रस्त पौधों और पशु जातियों की सूची
3- विभिन्न देशों में प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण हेतु संरक्षित स्थलों की सूची

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए:**

(a) 1 और 3
(b) केवल 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

**80. वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिये जाने वाले लोक-लुभावन ऋण (टीजर लोन) क्यों कर आर्थिक चिंता का विषय हैं?**

1- लोक-लुभावन ऋण (टीजर लोन) अधो-मुख्य ऋणों (सब-प्राइम लेंडिंग) का ही एक रूप समझे जाते हैं तथा बैंकों को यह जोखिम रहता है कि भविष्य में उनके ऋण चुकता न हों।
2- देश में लोक-लुभावन ऋण (टीजर लोन) मुख्यतः अनुभवहीन उद्यमियों को उत्पादन-संबंधी अथवा निर्यात इकाइयां स्थापित करने के लिये दिये जाते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**81. पृथ्वी के चारों और परिक्रमा कर रहा कृत्रिम उपग्रह इसलिये पृथ्वी पर नीचे नहीं गिरता क्योंकि पृथ्वी का आकर्षण**

(a) उतनी दूरी पर अस्तित्वहीन होता है।
(b) चंद्रमा के आकर्षण से निष्क्रिय हो जाता है।
(c) उसकी नियमित चाल के लिए आवश्यक गति प्रदान करता है।
(d) उसकी गति के लिए आवश्यक त्वरण प्रदान करता है।

**82. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1- विगत पांच वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सतत रूप से बढ़ी है।
2- विगत पांच वर्षों में प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर सतत रूप से बढ़ी है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**83. भारत में निम्नलिखित में से किस की कृषि तथा सहबद्ध गतिविधियों में ऋण के वितरण में सबसे अधिक हिस्सेदारी है?**

(a) वाणिज्यिक बैंकों की
(b) सहकारी बैंकों की
(c) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की
(d) सूक्ष्म-वित्त (माइक्रोफाइनेंस) संस्थाओं की

**84. सरकार के समावेशित वृद्धि लक्ष्य को आगे ले जाने में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कार्य सहायक साबित हो सकते हैं?**

1- स्व-सहायता समूहों (सेल्फ-हैल्प ग्रुप्स) को प्रोत्साहन देना
2- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन देना
3- शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू करना

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**85. भारत सरकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (CPSEs) में लगी अपनी ईक्विटी का विनिवेश क्यों कर रही है?**

1- सरकारी अपनी ईक्विटी के विनिवेश से मिले राजस्व का उपयोग मुख्यतः अपने बाह्य ऋण को लौटाने में करना चाहती है।
2- सरकार अब CPSEs के प्रबंधन का नियंत्रण अपने हाथों में नहीं रखना चाहती।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**86. क्षुदग्रहों तथा धूमकेतु के बीच क्या अंतर होता है?**

1- क्षुदग्रह लघु चट्टानी ग्राहिकाएं (प्लेनेटॉयड) हैं, जबकि धूमकेतु हिमशीतित गैसों से निर्मित होते हैं जिन्हें चट्टानी और धातु पदार्थ आपस में बांधे रहता है।
2- क्षुद्रग्रह अधिकांशतः वृहस्पति और मंगल के परिक्रमापथों के बीच पाये जाते हैं, जबकि धूमकेतु अधिकांशतः शुक्र और बुध के बीच पाये जाते हैं।
3- धूमकेतु गोचर दीप्तिमान पुच्छ दर्शाते हैं, जबकि क्षुदग्रह यह नहीं दर्शाते।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**87. आर्थिक विकास सामान्यतया युग्मित होता है**

(a) अवस्फीति के साथ
(b) स्फीति के साथ
(c) स्टैगफ्रलेशन के साथ
(d) अतिस्फीति के साथ

**88. भारतीय रिजर्व बैंक के बैंक दर कम करने के फलस्वरूप**

(a) बाजार की तरलता बढ़ जाती है
(b) बाजार की तरलता घट जाती है
(c) बाजार की तरलता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता
(d) वाणिज्यिक बैंक अधिक जमापूंजी संग्रहित कर लेते हैं

**89. उत्तरी गोलार्ध की तुलना में दक्षिण गोलार्ध में पश्चिमी पवन अधिक सशक्त तथा स्थाई होती है, क्यों?**

1- उत्तरी-गोलार्ध की तुलना में दक्षिण गोलार्ध में भू-खंड कम है।
2- उत्तरी गोलार्ध की तुलना में दक्षिण गोलार्ध में कोरिऑलिस बल अधिक होता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**90. निम्नलिखित में से किस के द्वारा भारत और पूर्वी एशिया के बीच नौसंचालन समय (नेविगेशन टाइम) और दूरी अत्यधिक कम किये जा सकते हैं?**

1- मलेशिया और इंडोनेशिया के बीच मलक्का जलडमरूमध्य को अधिक गहरा बना कर।
2- सियाम खाड़ी और अंडमान सागर के बीच क्रा भूसंधि जलडमरूमध्य के पार नई नहर खोल कर।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**91. आहार में नियमित रूप से ताजे फल और सब्जियां ग्रहण करना वांछनीय है क्योंकि ये ऑक्सीकरण-रोधी (antioxidants) तत्वों के अच्छे स्रोत होते हैं। ऑक्सीकरण-रोधी तत्व व्यक्ति के स्वस्थ बने रहने और दीर्घायु होने में किस प्रकार सहायक सिद्ध होते हैं?**

(a) ये शरीर में उन एन्जाइमों को सक्रिय कर देते हैं जो विटामिनों के संश्लेषण के लिए आवश्यक होते हैं और विटामिन हीनता नहीं होने देने में मदद करते हैं।
(b) ये शरीर में कार्बोहाइड्रेट, वसा तथा प्रोटीन के अतिरिक्त ऑक्सीकरण को रोकते हैं और ऊर्जा को अनावश्यक नष्ट होने से बचाने में मदद करते हैं।
(c) ये शरीर में चयापचय के उपोत्पाद के रूप में उत्पन्न मुक्त मूलकों को निष्क्रिय बनाते हैं।
(d) ये शरीर की कोशिकाओं में कुछ जीन को सक्रिय करते हैं और वृद्धत्व की क्रिया को विलंबित करने में मदद करते हैं।

**92. सिंधु घाटी सभ्यता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1- यह प्रमुखतः लौकिक सभ्यता थी तथा उसमें धार्मिक तत्व, यद्यपि उपस्थित था, वर्चस्वशाली नहीं था।
2- उस काल में भारत में कपास से वस्त्र बनाये जाते थे।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**93. गंगा के निचले मैदानों की यह विशेषता है कि यहां वर्ष भर जलवायु उच्च तापमान के साथ आर्द्र बनी रहती है। इस क्षेत्र के लिए निम्नलिखित फसलों के युग्मों में से कौन-सा युग्म सबसे उपयुक्त है?**

(a) धान और कपास
(b) गेहूं और जूट

(c) धान और जूट
(d) गेहूं और कपास

**94. अफ्रीकी और यूरेशियाई मरुस्थली क्षेत्र के निर्माण का/के मुख्य कारण क्या/क्या-क्या हो सकता है/सकते हैं?**

1- यह उपोष्ण उच्च दाब कोशिकाओं (हाई प्रेशर सेल) में अवस्थित है।
2- यह उष्ण महासागर धाराओं के प्रभाव क्षेत्र में पड़ता है।

**इस संदर्भ में उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**95. समतापमंडल के निचले भाग में जेट विमान बहुत आसानी और निर्विघ्नता के साथ उड़ सकते हैं। इसका उपर्युक्त स्पष्टीकरण क्या है?**

1- समतापमंडल के निचले भाग में बादल या जल-वाष्प नहीं होते।
2- समतापमंडल के निचले भाग में ऊर्ध्वाधर पवन नहीं होतीं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1- उच्चतर अक्षांशों की तुलना में निम्नतर अक्षांशों में जीवविविधता सामान्यत: अधिक होती है।
2- पर्वतीय प्रवणताओं (ग्रेडिएन्ट्स) में, उच्चतर उन्नतांशों की तुलना में निम्नतर उन्नतांशों में जीवविविधता सामान्यत: अधिक होती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**97. तिब्बत में उत्पत्ति पाने वाली ब्रह्मपुत्र, ईरावदी और मैकांग नदियां अपने ऊपरी पाटों में संकीर्ण और समांतर पर्वत श्रेणियों से होकर प्रवाहित होती हैं। इन नदियों में ब्रह्मपुत्र भारत में प्रविष्ट होने से ठीक पहले अपने प्रवाह में एक यू-टर्न ("U" turn) लेती है। यह यू-टर्न क्यों बनता है?**

(a) वलित हिमालय श्रेणियों के उत्थान के कारण
(b) भूवैज्ञानिकीय तरूण हिमालय के अक्षसंघीय नमन के कारण
(c) तृतीय कल्पीय वलित पर्वत-मालाओं में भूविवर्तनीक विक्षोभ के कारण
(d) इस संदर्भ में उपर्युक्त (a) और (b) दोनों कारण तर्कसंगत हैं

**98. निम्नलिखित विशेषताएं भारत के एक राज्य की विशिष्टताएं हैंः:**

1- उसका उत्तरी भाग शुष्क एवं अर्धशुष्क है।
2- उसके मध्य भाग में कपास का उत्पादन होता है।
3- उस राज्य में खाद्य फसलों की तुलना में नकदी फसलों की खेती अधिक होती है।

**उपर्युक्त सभी विशिष्टताएं निम्नलिखित में से किस एक राज्य में पाई जाती हैं?**

(a) आंध्र प्रदेश
(b) गुजरात
(c) कर्नाटक
(d) तमिलनाडु

**99. आभासी निजी परिपथ (Virtual Private Network) क्या है?**

(a) यह किसी संस्था का निजी कंप्यूटर परिपथ है, जिसमें सुदूर बैठे प्रयोक्ता संस्था के परिवेषक (सर्वर) के माध्यम से सूचना प्रेषित कर सकते हैं।
(b) यह निजी इंटरनेट पर बना कंप्यूटर परिपथ है, जो प्रयोक्ताओं को अपनी संस्था के परिपथ में प्रवेश करने की सुविधा देता है और प्रेषित की जा रही सूचना को सुरक्षित रखता है।
(c) यह एक ऐसा कंप्यूटर परिपथ है, जिसके द्वारा प्रयोक्ता सेवा प्रबंधक (सर्विस प्रोवाइडर) के माध्यम से कंप्यूटिंग संसाधनों के साझे भंडार में प्रवेश पा सकते हैं।
(d) उपर्युक्त (a) (b) तथा (c) कथनों में से कोई भी आभासी निजी परिपथ का सही वर्णन नहीं है।

**100. ‘‘धर्म’’ तथा ‘‘ऋत’’ भारत की प्राचीन वैदिक सभ्यता के एक केंद्रीय विचार को चित्रित करते हैं। इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1- धर्म व्यक्ति के दायित्वों एवं स्वयं तथा दूसरों के प्रति व्यक्तिगत कर्तव्यों की संकल्पना था।
2- ऋत मूलभूत नैतिक विधान था जो सृष्टि और उसमें अंतर्निहित सारे तत्वों के क्रियाकलापों को संचालित करता था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 न ही 2

## :: Answer Keys ::

1 C, 2 A, 3 B, 4 A, 5 A, 6 D, 7 C, 8 B, 9 B, 10 A, 11 C, 12 B, 13 A, 14 B, 15 A, 16 B, 17 B, 18 A, 19 C, 20 D, 21 D, 22 C, 23 C, 24 B, 25 C, 26 C, 27 B, 28 B, 29 C, 30 D, 31 C, 32 C, 33 B, 34 C, 35 A, 36 D, 37 A, 38 D, 39 D, 40 B, 41 B, 42 D, 43 A, 44 D, 45 C, 46 B, 47 C, 48 B, 49 A, 50 C, 51 A, 52 D, 53 B, 54 B, 55 B, 56 D, 57 B, 58 C, 59 A, 60 C, 61 D, 62 B, 63 C, 64 C, 65 B, 66 A, 67 D, 68 A, 69 A, 70 B, 71 A, 72 C, 73 D, 74 C, 75 A, 76 C, 77 B, 78 A, 79 C, 80 D, 81 B, 82 D, 83 D, 84 C, 85 C, 86 C, 87 C, 88 A, 89 B, 90 B, 91 D, 92 D, 93 D, 94 C, 95 A, 96 A, 97 B, 98 A, 99 C, 100 C